Eastern Railway
(Personnel Department)
17 N. S. Road, Kolkata – 700 001

Serial Circular No. 272/2019

No. E.787/0/PEN/Pt.XXIX Kolkata, Dated: 12/02/2020

All Concerned
(as per standard list)

Sub: Master Circular on Pension and Retirement/Death Gratuity

******

A copy of updated Master Circular No. 60 on "**Pension and Retirement/Death Gratuity**", received under cover Ministry of Railways (Railway Board)'s letter No.D-43/16/2019-F(E)III, dated 13/12/2019 (RBE No. 210/2019) is enclosed for information and guidance.

DA: As above.

12/2/2020

(S. K. Chattopadhya)
Sr. Personnel Officer/HQ&PC
For Pr. Chief Personnel Officer
Phone No. 24122



भारत सरकार (Government of India)

रेल मंत्रालय (Ministry of Railways)

(रेलवे बोर्ड/ Railway Board)

पेंशन तथा सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान

पर

मास्टर परिपत्र सं. 60

(दिसम्बर, 2019 में अपडेटेड)

Master Circular No. 60

(Updated in December, 2019)

On

Pension and Retirement/Death Gratuity

MC NO. 60 (2019)
RBE NO.210/2019

GOVERNMENT OF INDIA (BHARAT SARKAR)
MINISTRY OF RAILWAYS (RAIL MANTRALAYA)
RAILWAY BOARD)

....

No. D-43/16/2019-F(E)III

New Delhi Dt 13.12.2019

The GMs/Principal Financial Advisers,
All Zonal Railways/Production Units etc,
(As per mailing list)

Sub: Master Circular on Pension and Retirement/ Death Gratuity.

******

Please find enclosed herewith a copy of Master Circular No 60 regarding Pension and Retirement/ Death Gratuity for Railway Servants for information and necessary action.

G. Priya Sudarsani

(G.Priya Sudarsani)
Director, Finance (Estt.)
Railway Board

D.A .: as above

1. The General Secretary, NFIR,Room No.256-E, Rail Bhawan, New Delhi (with 20 spares)
2. The General Secretary, AIRF, Room No. 253, Rail Bhawan, New Delhi (with 20 spares).
3. The Members of the National Council, Departmental Council and Secretary Staff Side, National Council, 13-C, Feroze Shah Road, New Delhi (with 30 spares).
4. The Secretary General, FROA, Room No. 256-A, Rail Bhawan, New Delhi.
5. The Secretary, RBSS, Group"A" Officers Association, Room No.402, Rail Bhawan.
6. The Secretary, RBSS, Group"B" Officers Association.
7. The General Secretary, RBSSSA, Room No.439, Rail Bhawan, New Delhi.
8. The General Secretary, IRPOF, Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
9. The Secretary, Railway Board Ministerial Staff Association.
10. The Secretary, Railway Board Class IV Staff Association.
11. The Secretary, All India RPF Association, Room No 256-D, Rail Bhawan, New Delhi-110001.
12. The Secretary, Railway Board Promottee Officers Association, Room No. 341-C, Rail Bhawan, New Delhi.
13. The General Secretary, All India SC/ST Railway Employee Association, Room No. 7, Ground Floor, Rail Bhawan, New Delhi.
14. The General Secretary, All India O.B.C Railway Employee's Federation (AIOBCREF), Room No.48, Rail Bhawan.

For Secretary/Railway Board

एमसी सं. 60 (2019)

आरबीई सं. 210 /2019

भारत सरकार (GOVERNMENT OF INDIA)

रेल मंत्रालय (MINISTRY OF RAILWAYS)

(रेलवे बोर्ड) (RAILWAY BOARD)

सं. डी-43/16/2019-एफ(ई)III

नई दिल्ली दिनांक 13.12.2019

महाप्रबंधक/प्रधान वित्त सलाहकार,

सभी क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां आदि,

(मानक सूची के अनुसार)

विषय : पेंशन तथा सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान के संबंध में मास्टर परिपत्र ।

*****

"पेंशन और सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान" पर मास्टर परिपत्र संख्या 60 इससे पूर्व बोर्ड के पत्र सं. एफ(ई)III/93/एमसी-4/पेंशन एवं डीसीआरजी, दिनांक 17.10.1994 द्वारा तैयार एवं परिपत्रित किया गया था । रेलवे बोर्ड ने अब उक्त विषय पर सभी संबंधितों की सूचना एवं मार्गदर्शन के लिए एक समेकित एवं संशोधित मास्टर परिपत्र जारी करने का निर्णय लिया है ।

2. इस परिपत्र को देखते हुए इसमें संदर्भित सभी पत्रों को उचित तरीके से पढ़ा जाए । यह परिपत्र अभी तक जारी किए गए अनुदेशों का समेकन है तथा इन्हें मूल का प्रतिस्थापन न माना जाए । शंका के मामले में, मूल परिपत्र को प्राधिकार के रूप में माना जाए ।

3. उपरोक्त संदर्भित मूल परिपत्र में अंतर्विष्ट अनुदेशों का उनके जारी होने की तिथि से ही भावी प्रभाव होगा जब तक कि संबंधित परिपत्र में अन्यथा विशेष रूप से न दिया जाए । पुराने मामलों पर कार्रवाई के लिए, उस समय पर लागू अनुदेशों का संदर्भ लिया जाना चाहिए; और

4. यदि इस समेकित पत्र को तैयार करते समय इस विषय पर कोई परिपत्र जिसे हटाया नहीं गया है, पर विचार नहीं किया गया है, तो उक्त परिपत्र, जो चूक के कारण छूट गया है, को वैध एवं लागू माना जाएगा। ऐसे गुम हुआ परिपत्र, यदि कोई है, तो उसे रेलवे बोर्ड के ध्यान में लाया जाए।

पेंशन

1. पेंशन के लिए पात्रता तथा पेंशन की रकम

1.1 स्थायी रेल सेवक को न्यूनतम 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद उसकी सेवा छोड़ने पर चाहे वह पद के उन्मूलन या चिकित्सीय दृष्टि से अशक्तता या 30 वर्ष की सेवा पूरी होने पर सेवानिवृत्ति य अधिवर्षिता होने पर पेंशन स्वीकार्य है । बहरहाल, 1.1.1986, से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने वाले या 10 वर्ष की अर्हक सेवा सहित उचित प्राधिकारी द्वारा आगे रेल सेवा के लिए स्थायी रूप से अयोग्य घोषित होने पर अस्थायी रेल सेवक, स्थायी कर्मचारी को यथा स्वीकार्य उसी वेतनमान पर अशक्तता पेंशन/अधिवर्षिता, सेवानिवृत्ति उपदान तथा परिवार पेंशन, के लिए पात्र होंगे । 20 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति चाहने के इच्छुक अस्थायी कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की योजना के अनुसार पेंशन, सेवानिवृत्ति उपदान तथा परिवार पेंशन के लिए पात्र होंगे ।

1.2 33 वर्ष की अर्हक सेवा के साथ पूर्ण पेंशन का वितरण 01.01.2006 से निरस्त किया जाएगा। एक बार जब रेल सेवक ने न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हक सेवा प्रदान कर दी है तो पेंशन का भुगतान परिलब्धियों अथवा पिछले 10 माह के दौरान प्राप्त औसत परिलब्धियों, जो भी उसके लिए अधिक लाभकारी हो, के 50% की दर से किया जाएगा ।

1.3 अर्हक सेवा जो कि 10 वर्ष से कम की न हो पूरी करने के बाद इस नियमों के प्रावधानों के अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवकों के मामले में, पेंशन की राशि परिलब्धियों अथवा औसत परिलब्धियों पर, जो भी उसके लिए अधिक लाभकारी हो, के 50% पर परिकलित की जाएगी जो 01.01.2016 से, न्यूनतम नौ हज़ार रुपए प्रतिमास और अधिकतम एक लाख पच्चीस हज़ार रुपए प्रतिमास होगी ।

1.4 पैरा 1.3 के प्रावधानों के अनुसार स्वीकार्य पेंशन के अतिरिक्त, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी होने के बाद, सेवानिवृत्त रेल सेवक को निम्नानुसार अतिरिक्त पेंशन देय होगी, अर्थात् :-

क्रमांक	पेंशनभोगी की आयू	अतिरिक्त पेंशन
(1)	(2)	(3)
1	80 वर्ष से 85 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 20 प्रतिशत
2	85 वर्ष से 90 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 30 प्रतिशत
3	90 वर्ष से 95 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 40 प्रतिशत
4	95 वर्ष से 100 वर्ष से कम	मूल पेंशन का 50 प्रतिशत
5	100 वर्ष या अधिक	मूल पेंशन का 100 प्रतिशत

अर्हक सेवा की अवधि की गणना करने में वर्ष का तीन महीने तथा उससे अधिक का भाग पूरे आधे वर्ष के बराबर माना जाएगा और उसकी गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी ।

1.5 पैरा 1.3 के अधीन अंतिम रूप से निर्धारित पेंशन की रकम पूरे-पूरे रुपयों में अभिव्यक्त की जाएगी और जहां पेंशन में एक रुपए का कोई भाग हो वहां उसे अगले उच्चतर रुपए तक पूर्णांकित किया जाएगा ।

(प्राधिकारी : रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.13 का पत्र सं. 2011/एफ(ई) III/1(1)9)

2. <u>पेंशन के वर्ग</u>

2.1 **अधिवर्षिता पेंशन :** अधिवर्षिता पेंशन ऐसे रेल सेवक को प्रदान की जाएगी जिसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्त किया जाता है । (अधिवर्शिता अर्थात वर्तमान में 60 वर्ष)

2.2 <u>उस मास की अंतिम तारीख पर सेवानिवृत्ति जिसमें अधिवर्षिता पड़ती है :</u>

1.11.1973 से, समूह "ख", "ग" और "घ" सेवा या पदों के रेल सेवक और 1.5.1974 से समूह "क" सेवा या पदों के रेल सेवक खंड (ज) (झ) (ट) और (ठ) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उस मास की अंतिम तारीख के अपराह्न से सेवानिवृत्त हो जाएंगे जिसमें नियम 2046-आरII के अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख पड़ती है । (आर-II के 1987 के संस्करण के संगत नियम हैं नियम 1802 और 1804)

(दिनांक 18.12.1973, 20.5.1974 और 2.8.1974 का पत्र सं. पीसीIII/73/आरटी/4)

2.3 सेवानिवृत्ति पेंशन

30 वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण होने के बाद सेवानिवृत्ति - (1) रेल सेवक द्वारा 30 वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण करने के बाद किसी भी समय -

(क) वह सेवा से निवृत्त हो सकेगा; अथवा

(ख) नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी उससे लोकहित में सेवानिवृत्त होने के अपेक्षा कर सकेगा, और ऐसी सेवानिवृत्ति की दशा में रेल सेवक सेवानिवृत्ति पेंशन का हकदार होगा:

परंतु -

(i) रेल सेवक नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी को उस तारीख से जिसको वह सेवानिवृत्त होना चाहता है, पूर्व कम से कम तीन मास की लिखित सूचना देगा और,

(ii) नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी उस तारीख से जिसको रेल सेवक से लोकहित में सेवा निवृत्त होने की अपेक्षा की जाए, पूर्व कम से कम तीन मास की लिखित सूचना अथवा ऐसी सूचना के बदले तीन मास का वेतन और भत्ता दे सकेगा :

परंतु यह और भी कि जहां पहले परंतुक के खंड (i) के अधीन सूचना देने वाला रेल सेवक निलंबित है वहां नियुक्ति प्राधिकारी को इस नियम के अधीन ऐसे रेल सेवक को सेवानिवृत्ति की अनुज्ञा पर रोक लगाने की छूट होगी :

परंतु यह भी कि उपरोक्त के (क) के उपबंध रेल सेवक को, जिसके अंतर्गत वैज्ञानिक या तकनीकी विशेषज्ञ हैं, जो -

(i) विदेश मंत्रालय के भारत तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम तथा अन्य सहायता कार्यक्रमों के अधीन नियोजन पर हैं,

(ii) मंत्रालयों या विभागों के विदेशों में स्थित कार्यालयों में विदेश में तैनात हैं,

(iii) किसी विदेशी सरकार के किसी विनिर्दिष्ट संविदा नियोजन पर हैं,

तब तक लागू नहीं होंगे जब तक कि भारत में स्थानांतरण हो जाने के पश्चात उसने भारत में पद का कर्तव्यभार न संभाल लिया हो और कम से कम एक वर्ष की अवधि तक सेवा न कर ली हो।

(2)(क) पहले परंतुक के खंड (i) में निर्दिष्ट रेल सेवक तीन मास से कम की सूचना स्वीकार करने के लिए कारण देते हुए नियुक्ति प्राधिकारी से लिखित रूप में प्रार्थना कर सकेगा ;

(ख) (क) के अधीन की गई प्रार्थना की प्राप्ति पर नियुक्ति प्राधिकारी तीन मास की सूचना की अवधि कम करने की ऐसी प्रार्थना पर गुणावगुण के आधार पर विचार कर सकेगा और यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि सूचना की अवधि कम करने से कोई प्रशासनिक असुविधा नहीं होगी तो नियुक्ति प्राधिकारी तीन मास की सूचना की अपेक्षा को इस शर्त पर शिथिल कर सकेगा कि रेल सेवक तीन मास की सूचना की अवधि की समाप्ति के पूर्व अपनी पेंशन के किसी भाग के सरांशीकरण के लिए आवेदन नहीं करेगा ।

(3) ऐसा रेल सेवक जिसने इस नियम के अधीन सेवानिवृत्त होने का निर्वाचन किया है और नियुक्ति प्राधिकारी के विनिर्दिष्ट अनुमोदन के बिना, तत्पश्चात अपने निर्वाचन को प्रत्याहृत करने से प्रवारित रहेगा :

परंतु यह तब जब कि प्रत्याहरण संबंधी प्रार्थना उसकी सेवानिवृत्ति की आशयित तारीख के भीतर की जाए ।

स्पष्टीकरण: इस नियम के प्रयोजन के लिए, "नियुक्ति प्राधिकारी" से वह प्राधिकारी अभिप्रेत है जो ऐसी सेवा या पद पर नियुक्तियां करने के लिए सक्षम है जिनसे रेल सेवक सेवानिवृत्त होता है ।

20 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर चुकने पर सेवानिवृत्ति - (1) कोई भी रेल सेवक बीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर चुकने के पश्चात किसी भी समय नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप में कम से कम तीन मास की सूचना देकर सेवानिवृत्त हो सकेगा :

परंतु यह ऐसे रेल सेवक को, जिसके अंतर्गत ऐसे "वैज्ञानिक या तकनीकी विशेषज्ञ भी हैं, लागू नहीं होगा, जो -

(i) विदेश मंत्रालय के भारत तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम तथा अन्य सहायता कार्यक्रमों के अधीन नियोजन पर हैं,

(ii) मंत्रालयों या विभागों के विदेशों में स्थित कार्यालयों में विदेश में तैनात हैं,

(iii)किसी विदेशी सरकार के किसी विनिर्दिष्ट संविदा नियोजन पर हैं, तब तक लागू नहीं होंगे जब तक कि भारत में स्थानांतरण हो जाने के पश्चात उसने भारत में पद का कर्त्तव्यभार न संभाल लिया हो और कम से कम एक वर्ष की अवधि तक सेवा न कर ली हो ।

(2) (1) के अधीन दी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार की जानी अपेक्षित होगी:

परंतु जहां नियुक्ति प्राधिकारी उक्त सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व सेवानिवृत्ति की अनुज्ञा देने से इंकार नहीं करता वहां सेवानिवृत्ति उक्त अवधि की समाप्ति की तारीख से प्रभावी होगी।

(3)(क) (1) में निर्दिष्ट रेल सेवक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की तीन मास से कम की सूचना स्वीकार करने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी से लिखित रूप में, उसके लिए कारण देते हुए, प्रार्थना कर सकेगा।

(ख) खंड 3(क) के अधीन की गई प्रार्थना की प्राप्ति पर,नियुक्ति प्राधिकारी उपरोक्त उपबंधों के अधीन रहते हुए, तीन मास की सूचना की अवधि कम करने की ऐसी प्रार्थना पर गुणावगुण के आधार पर विचार कर सकेगा और यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि सूचना की अवधि कम करने से कोई प्रशासनिक असुविधा नहीं होगी तो नियुक्ति प्राधिकारी तीन मास की सूचना की अपेक्षा को इस शर्त पर शिथिल कर सकेगा कि रेल सेवक तीन मास की सूचना की अवधि की समाप्ति के पूर्व अपनी पेंशन के किसी भाग के संराशीकरण के लिए आवेदन नहीं करेगा ।

(4) ऐसा रेल सेवक जिसने इस नियम के अधीन सेवानिवृत्त होने का निर्वाचन किया है और नियुक्ति प्राधिकारी को उस आशय की सूचना दे दी है, ऐसे प्राधिकारी को विनिर्दिष्ट अनुमोदन के बिना, अपनी सूचना को वापस लेने से प्रवारित होगा :

परंतु उसे वापस लेने का अनुरोध उसकी सेवानिवृत्ति की अशयित तारीख से पूर्व किया जाएगा ।

(5) **हटाया गया (प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.13 का पत्र सं. 2011/एफ(ई) III/1(1)9)**

(6) यह नियम किसी ऐसे रेल सेवक को लागू नहीं होगा जो कि किसी ऐसे स्वायत्तशासी निकाय या पब्लिक सेक्टर उपक्रम में , जिसमें वह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के समय प्रतिनियुक्ति पर है, स्थायी रूप से आमेलित किए जाने के लिए रेल सेवा से निवृत्त होता है ।

स्पष्टीकरण: इस नियम के प्रयोजन के लिए, "नियुक्ति प्राधिकारी" से वह प्राधिकारी अभिप्रेत है जो ऐसी सेवा या पद पर नियुक्तियां करने के लिए सक्षम है जिनसे रेल सेवक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेता है ।

2.4 स्पष्टीकरण दिया गया है बशर्ते कि जब भी अधिकारी/कर्मचारी के पास नियम 67 के अधीन सेवानिवृत्ति लेते समय तीन महीने से अधिक का समय हो, तब संराशीकरण का भुगतान तीन महीने बाद देय होगा परंतु जहां सामान्य अधिवर्षिता तीन महीने की सूचना अवधि के भीतर है, तब अधिवर्षिता की तारीख ही पेंशन के एक भाग के संराशीकरण के आवेदन की तारीख होगी जो इस संदर्भ में विनिर्दिष्ट अन्य सभी शर्तों के अधीन होगी ।

(प्राधिकार : दिनांक 25.04.2017 का पत्र सं. 2016/एफ(ई)III/1(1)/8)

2.5 किसी निगम, कंपनी या निकाय में या उसके अधीन आमेलित कर लिए जाने पर पेंशन

किसी निगम, कंपनी या निकाय में या उसके अधीन आमेलित कर लिए जाने पर पेंशन:- (1) ऐसे रेल सेवक के बारे में, जिसे किसी ऐसे निगम या कंपनी में या उसके अधीन जो पूर्णत: या पर्याप्तत: केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में है, अथवा सरकार द्वारा नियंत्रित या वित्तपोषित किसी निकाय में या उसके अधीन किसी सेवा या पद में आमेलित किए जाने की अनुज्ञा दे दी गई है, तो, यह समझा जाएगा कि वह उस तारीख से सेवानिवृत्त हुआ है जिसको उसका आमेलन किया जाता है, और वह ऐसी सेवानिवृत्ति प्रसुविधाएं, यदि कोई हैं, ऐसी तारीख से जो उसे लागू रेल प्रशासन के आदेशों के अनुसार अवधारित की जाएं, प्राप्त करने का पात्र होगा ।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.01.05 का पत्र सं. एफ(ई)III/2003/पीएन1/25)

2.6 रेलवे विभाग को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तन होने के फलस्वरूप आमेलन पर पेंशन के भुगतान की शर्तें

(1) रेलवे विभाग को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तन होने पर उस विभाग के सभी रेल सेवकों का सामूहिक रूप से उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थानांतरण विदेशी सेवा की शर्तों पर बिना किसी प्रतिनियुक्ति भत्ते पर , जब तक कि उनका उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन नहीं हो जाता, कर दिया जाएगा और ऐसे स्थानांतरित रेल सेवकों का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जो तारीख सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

(2) सरकार द्वारा स्थानांतरित रेल सेवकों को रेलवे में वापस आने अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थायी रूप से आमेलित होने विकल्प दिया जाएगा ।

(3) उक्त संदर्भित विकल्प प्रत्येक स्थानांतरित रेल सेवक द्वारा जैसा कि सरकार द्वारा तय किया गया है के तरीके से एवं ऐसी अवधि के भीतर दिया जा सकता है ।

(4) रेल सेवक का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कर्मचारी के रूप में स्थायी आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जिस तारीख से सरकार द्वारा उनका विकल्प स्वीकार किया जाएगा और उस स्वीकृति की तारीख को और से ऐसे कर्मचारी सरकारी सेवक नहीं रहेंगे और उन्हें रेल सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा ।

(5) रेल सेवक का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन हो जाने पर, उनके द्वारा आमेलन होने से पहले सरकार में ग्रहण किए हुए पद समाप्त माने जाएंगे ।

(6) वह कर्मचारी जो रेल सेवा में प्रत्यावर्तित होने का विकल्प चुनेंगे उन्हें सरकार के अधिशेष सेल द्वारा पुनर्नियोजित किया जाएगा ।

(7) स्थायीवृत्त और अस्थायी कर्मचारी, अनियत मजदूरों के अलावा, जो सार्वजनिक उपक्रम में स्थायी आमेलन का विकल्प चुनेंगे वे आमेलन की तारीख को और से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमों एवं विनियमों और उप-नियमों द्वारा शासित होंगे ।

(8) एक स्थायी रेल सेवक जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी के रूप में आमेलित हो चुका है, का परिवार पेंशन के लाभ का हकदार होगा (पेंशन का संराशीकरण, उपदान, परिवार पेंशन अथवा असाधारण पेंशन सहित) जो उसकी रेल एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में प्रदान की गई कुल सेवा के आधार पर, उसकी सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु के समय उस उपक्रम में पेंशन के लाभों की गणना के लिए लागू फॉर्मूला के अनुसार अथवा उसकी इच्छा पर रेलवे के अधीन प्रदान की गई सेवा के लाभों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परिकलित की जाएगी ।

स्पष्टीकरण : आमेलित कर्मचारी के संदर्भ में उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से सेवानिवृत्त होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर पेंशन अथवा परिवार पेंशन उसी तरीके से परिकलित की जाएगी जैसा कि एक रेल सेवक की उसी दिन सेवानिवृत्त अथवा मृत्यु होने पर परिकलित की जाएगी ।

(9) एक कर्मचारी की पेंशन लाभ अथवा औसत लाभ के पचास प्रतिशत पर, जो भी उसके लिए अधिक लाभदायक हो, परिकलित की जाएगी ।

(10) पेंशन अथवा परिवार पेंशन, जो भी मामला हो, के अतिरिक्त जो आमेलित कर्मचारी संयुक्त सेवा के आधार पर पेंशन का विकल्प लेगा वो औद्योगिक महंगाई भत्ता पैटर्न के अनुसार महंगाई राहत के पात्र होगा।

(11) पेंशन अथवा परिवार पेंशन के लाभ स्थायीवृत्त अथवा अस्थायी रेल सेवक को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थायी हो जाने के बाद उपलब्ध होंगे ।

(12) स्थायी रेल सेवक के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित हो जाने पर अथवा अस्थायी या स्थायीवृत्त रेल सेवक जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित हो जाने के बाद स्थायी हो गए हैं, वो सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को मिला कर कुल 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण कर लेने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने हेतु पात्र हो जाएगा तथा ऐसा व्यक्ति अर्हक सेवा के आधार पर पेंशन के लाभों का पात्र होगा ।

(13) सरकार एक ट्रस्ट के रूप में पेंशन निधि बनाए तथा आमेलित कर्मचारियों को ऐसी पेंशन निधि से पेंशन के लाभ प्रदान करे ।

(14) न्यासी मंडल के अध्यक्ष सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड होंगे, जिसमें वित्त मंत्रालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, श्रम, संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और उनके कर्मचारी तथा सरकार द्वारा नामित संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे ।

(15) पेंशन निधि से दिए जाने वाले पेंशन के लाभ की मंजूरी एवं उसके संवितरण की प्रक्रिया एवं तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा न्यासी मंडल की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा ।

(16) सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में रेल सेवक के आमेलन की तारीख तक प्रदान की गई सेवा के लिए पेंशन या सेवा उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान के लिए एकमुश्त भुगतान करके सरकार अपने पेंशन दायित्व का निर्वहन करेगी।

(17) पेंशन के लाभों के भुगतान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अपने वित्तीय दायित्व की भागीदारी के तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा ।

(18) पेंशन की एकमुश्त राशि का निर्धारण रेल सेवा (पेंशन का संराशीकरण) नियम, 1993 के परिशिष्ट में दी गई मूल्य तालिका के अनुसार किया जाएगा ।

(19) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के संबंधित कर्मचारी द्वारा उस उपक्रम में दी गई सेवा के लिए न्यासी बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर पेंशन निधि में पेंशन योगदान करेगा जिससे कि पेंशन निधि में मदद मिलेगी ।

(20) यदि, किसी भी वित्तीय अथवा प्रचालनिक कारणों से, ट्रस्ट पेंशन फंड से अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अक्षम है तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी कमी को पूरा करने की स्थिति में न हो तब सरकार ऐसे खर्चे का वहन करने के लिए दायी होगी तथा ऐसा खर्चा फंड अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को डेबिट किया जाएगा ।

(21) रेल विभाग के पेंशनभोगियों को पेंशन के लाभ का भुगतान उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में बदलने की तारीख से सरकार का कर्तव्य होगा तथा इस संबंध में उसके कर्तव्यों को बांटने का तरीका भी सरकार द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा ।

(22) रेल विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तित हो जाने पर -

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद आमेलित कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में शेष राशि को ऐसे उपक्रम की सहमति से उपक्रम के कर्मचारियों के नए भविष्य निधि खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा;

(ख) आमेलन की तारीख तक कर्मचारियों के खाते में बचे अर्जित अवकाश और अर्ध-वैतनिक अवकाश ऐसे उपक्रम में स्थानांतरित हो जाएंगी;

(ग) किसी भी कर्मचारी का उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सेवा से किसी भी कदाचार के कारण बर्खास्त अथवा हटाए जाने के बाद भी रेल में प्रदान की गई सेवा के सेवानिवृत्ति के लाभों को जब्त नहीं किया जाएगा और उसके बर्खास्तगी, हटाए जाने अथवा छंटनी हो जाने पर, उपक्रम के निर्णय की समीक्षा उपक्रम के साथ रेल मंत्रालय के अधीन होगी ।

(23) यदि सरकार किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से इक्यावन प्रतिशत या उससे अधिक अपनी इक्विटी का विनिवेश कर लेती है, तब ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु वह पर्याप्त संरक्षण विनिर्दिष्ट करेगी ।

(24) उपरोक्त संरक्षण में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अथवा उपक्रम में सेवा बहाली अथवा रेल सेवकों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारियों पर लागू नियमों पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, कर्मचारी के

विकल्प के अनुसार और अर्जित पेंशन के लाभों का आश्वासित भुगतान, अर्हक सेवा की अवधि में छूट के साथ, जैसा भी सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाए, का विकल्प शामिल होना चाहिए ।

2.7 **<u>रेलवे विभाग को केंद्रीय स्वायत्त निकाय में परिवर्तन होने के परिणामस्वरूप आमेलन पर पेंशन के भुगतान की शर्तें</u>** :-

(1) रेलवे विभाग को स्वायत्त निकाय में परिवर्तन होने पर उस विभाग के सभी रेल सेवकों का सामूहिक रूप से उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थानांतरण विदेशी सेवा की शर्तों पर बिना किसी प्रतिनियुक्ति भत्ते पर , जब तक कि उनका उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन नहीं हो जाता, कर दिया जाएगा और ऐसे स्थानांतरित रेल सेवकों का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जो तारीख सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

(2) सरकार द्वारा स्थानांतरित रेल सेवकों को रेलवे में वापस आने अथवा स्वायत्त निकाय में स्थायी रूप से आमेलित होने विकल्प दिया जाएगा ।

(3) उक्त संदर्भित विकल्प प्रत्येक स्थानांतरित रेल सेवक द्वारा जैसा कि सरकार द्वारा तय किया गया है के तरीके से एवं ऐसी अवधि के भीतर दिया जा सकता है ।

(4) रेल सेवक का स्वायत्त निकाय में कर्मचारी के रूप में स्थायी आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जिस तारीख से सरकार द्वारा उनका विकल्प स्वीकार किया जाएगा और उस स्वीकृति की तारीख को और से ऐसे कर्मचारी सरकारी सेवक नहीं रहेंगे और उन्हें रेल सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा ।

(5) रेल सेवक का स्वायत्त निकाय में आमेलन हो जाने पर, उनके द्वारा आमेलन होने से पहले सरकार में ग्रहण किए हुए पद समाप्त माने जाएंगे ।

(6) वह कर्मचारी जो रेल सेवा में प्रत्यावर्तित होने का विकल्प चुनेंगे उन्हें सरकार के अधिशेष सेल द्वारा पुनर्नियोजित किया जाएगा ।

(7) स्थायीवृत्त और अस्थायी कर्मचारी, अनियत मजदूरों के अलावा, जो स्वायत्त निकाय में स्थायी आमेलन का विकल्प चुनेंगे वे आमेलन की तारीख को और से स्वायत्त निकाय के नियमों एवं विनियमों और उप-नियमों द्वारा शासित होंगे।

(8) एक स्थायी रेल सेवक जो स्वायत्त निकाय के कर्मचारी के रूप में आमेलित हो चुका है, का परिवार पेंशन के लाभ का हकदार होगा (पेंशन का संराशीकरण, उपदान, परिवार पेंशन अथवा असाधारण पेंशन सहित) जो उसकी रेल एवं स्वायत्त निकाय में प्रदान की गई कुल सेवा के आधार पर, उसकी सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु के समय उस उपक्रम में पेंशन के लाभों की गणना के लिए लागू फॉर्मूला के अनुसार अथवा उसकी इच्छा पर रेलवे के अधीन प्रदान की गई सेवा के लाभों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परिकलित की जाएगी ।

स्पष्टीकरण : आमेलित कर्मचारी के संदर्भ में उसके स्वायत्त निकाय से सेवानिवृत्त होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर पेंशन अथवा परिवार पेंशन उसी तरीके से परिकलित की जाएगी जैसा कि एक रेल सेवक की उसी दिन सेवानिवृत्त अथवा मृत्यु होने पर परिकलित की जाएगी ।

(9) उपरोक्त (8) के अनुसार एक कर्मचारी की पेंशन, लाभ अथवा औसत लाभ के पचास प्रतिशत, जो भी उसके लिए अधिक लाभदायक हो, पर परिकलित की जाएगी ।

(10) पेंशन अथवा परिवार पेंशन, जो भी मामला हो, के अतिरिक्त जो आमेलित कर्मचारी संयुक्त सेवा के आधार पर पेंशन का विकल्प लेगा वो औद्योगिक महंगाई भत्ता पैटर्न के अनुसार महंगाई राहत के पात्र होगा।

(11) पेंशन अथवा परिवार पेंशन के लाभ स्थायीवृत्त अथवा अस्थायी रेल सेवक को स्वायत्त निकाय में स्थायी हो जाने के बाद उपलब्ध होंगे ।

(12) सरकार एक ट्रस्ट के रूप में पेंशन निधि बनाए तथा आमेलित कर्मचारियों को ऐसी पेंशन निधि से पेंशन के लाभ प्रदान करे ।

(13) न्यासी मंडल के अध्यक्ष सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड होंगे, जिसमें वित्त मंत्रालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, श्रम, संबंधित स्वायत्त निकाय और उनके कर्मचारी तथा सरकार द्वारा नामित संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे ।

(14) पेंशन निधि से दिए जाने वाले पेंशन के लाभ की मंजूरी एवं उसके संवितरण की प्रक्रिया एवं तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा न्यासी मंडल की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा ।

(15) सरकार स्वायत्त निकाय में रेल सेवक के आमेलन की तारीख तक प्रदान की गई सेवा के लिए पेंशन या सेवा उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान के लिए एकमुश्त भुगतान करके सरकार अपने पेंशन दायित्व का निर्वहन करेगी।

(16) पेंशन के लाभों के भुगतान में स्वायत्त निकाय द्वारा अपने वित्तीय दायित्व की भागीदारी के तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा ।

(17) पेंशन की एकमुश्त राशि का निर्धारण रेल सेवा (पेंशन का संराशीकरण) नियम, 1993 के परिशिष्ट में दी गई मूल्य तालिका के अनुसार किया जाएगा ।

(18) स्वायत्त निकाय के संबंधित कर्मचारी द्वारा उस उपक्रम में दी गई सेवा के लिए न्यासी बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर पेंशन निधि में पेंशन योगदान करेगा जिससे कि पेंशन निधि में मदद मिलेगी ।

(19) यदि, किसी भी वित्तीय अथवा प्रचालनिक कारणों से, ट्रस्ट पेंशन फंड से अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अक्षम है तथा स्वायत्त निकाय भी कमी को पूरा करने की स्थिति में न हो तब सरकार ऐसे खर्चे का वहन करने के लिए दायी होगी तथा ऐसा खर्चा फंड अथवा स्वायत्त निकाय को डेबिट किया जाएगा ।

(20) रेल विभाग के पेंशनभोगियों को पेंशन के लाभ का भुगतान उसके स्वायत्त निकाय में बदलने की तारीख से सरकार का कर्तव्य होगा तथा इस संबंध में उसके कर्तव्यों को बांटने का तरीका भी सरकार द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा ।

(21) रेलवे विभाग के स्वायत्त निकाय में परिवर्तित हो जाने पर -

(क) स्वायत्त निकाय में आमेलन हो जाने के बाद आमेलित कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में शेष राशि को ऐसे उपक्रम की सहमति से उपक्रम के कर्मचारियों के नए भविष्य निधि खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा;

(ख) आमेलन की तारीख तक कर्मचारियों के खाते में बचे अर्जित अवकाश और अर्ध-वैतनिक अवकाश ऐसे उपक्रम में स्थानांतरित हो जाएंगी;

(ग) किसी भी कर्मचारी का उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद स्वायत्त निकाय की सेवा से किसी भी कदाचार के कारण बर्खास्त अथवा हटाए जाने के बाद भी रेल में प्रदान की गई सेवा के सेवानिवृत्ति के लाभों को जब्त नहीं किया जाएगा और उसके बर्खास्तगी, हटाए जाने अथवा छंटनी हो जाने पर, उपक्रम के निर्णय की समीक्षा उपक्रम के साथ रेल मंत्रालय के अधीन होगी ।

(22) यदि सरकार किसी भी स्वायत्त निकाय से इक्यावन प्रतिशत या उससे अधिक अपनी इक्विटी का विनिवेश कर लेती है, तब ऐसे स्वायत्त निकाय आमेलित कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु वह पर्याप्त संरक्षण विनिर्दिष्ट करेगी ।

(23) उपरोक्त संरक्षण में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अथवा उपक्रम में सेवा बहाली अथवा रेल सेवकों या स्वायत्त निकाय के कर्मचारियों पर लागू नियमों पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, कर्मचारी के विकल्प के अनुसार और अर्जित पेंशन के लाभों का आश्वासित भुगतान, अर्हक सेवा की अवधि में छूट के साथ, जैसा भी सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाए, का विकल्प शामिल होना चाहिए ।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.13 का पत्र सं. 2011/एफ(ई) III/1(1)9)

2.8 अशक्तता पेंशन

अशक्तता पेंशन- (1) अशक्तता पेंशन ऐसे रेल सेवक को प्रदान की जा सकेगी जो किसी ऐसी शारीरिक या मानसिक अशक्तता के कारण सेवा से सेवानिवृत्त होता है जो उसे सेवा के लिए स्थायी तौर पर असमर्थ बना देती है ।

(2) अशक्त पेंशन के लिए आवेदन करने वाला रेल सेवक शारीरिक या मानसिक अशक्तता के कारण सेवा करने की अपनी स्थायी असमर्थता का एक चिकित्सा प्रमाणपत्र विधिवत गठित चिकित्सा प्राधिकारी से लेकर प्रस्तुत करेगा ।

(3) जहां उपरोक्त निर्दिष्ट चिकित्सा प्राधिकारी ने किसी रेल सेवक के बारे में यह घोषणा की है कि वह जिस प्रकृति का कार्य करता रहा है उससे कम श्रमसाध्य प्रकृति की सेवा और आगे करने के योग्य है वहां ऐसा रेल सेवक यदि वह इस प्रकार नियोजित होने के लिए इच्छुक है, निम्नतर पद पर नियोजित किया जाना चाहिए और यदि किसी निम्नतर पद पर नियोजित करने के कोई साधन नहीं है तो उसे अशक्त पेंशन दी जा सकती है ।

(4) यदि कोई रेल सेवक यह समझता है कि वह अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए उचित अथवा स्वस्थ स्थिति में नहीं है तो वह अशक्त उपदान या पेंशन पर सेवानिवृत्ति के लिए समुचित प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है ।

2.9 प्रतिकर पेंशन

यदि कोई रेल सेवक अपने स्थायी पद के समाप्त हो जाने के कारण डिस्चार्ज किए जाने के लिए चुना जाता है तो, जब तक कि वह किसी अन्य ऐसे पद पर नियुक्त नहीं कर दिया जाता जिसकी शर्तें उसे डिस्चार्ज करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा कम से कम उस रेल सेवक के पद की शर्तों के समतुल्य समझी जाएं, उसे यह विकल्प होगा कि -

(क) ऐसी प्रतिकर पेंशन लेने का विकल्प प्राप्त होगा जिसके लिए वह अपने द्वारा की गई सेवा के लिए हकदार हो, अथवा

(ख) ऐसे वेतन पर जिसे देने का प्रस्ताव किया जाए कोई अन्य नियुक्ति स्वीकार करने और अपने पहले की सेवा की गणना पेंशन के लिए करते रहने का विकल्प हो ।

(2)(क) स्थायी नियोजन में रेल सेवक को, उसके स्थायी पद के समाप्त हो जाने पर उसकी सेवाएं समाप्त करने से पूर्व कम से कम तीन मास की सूचना दी जाएगी ।

(ख) जहां कि रेल सेवक को कम से कम तीन मास की सूचना नहीं दी जाती और जिस तारीख को रेल सेवक की सेवाएं समाप्त की जाती हैं उस तारीख को उसके लिए किसी अन्य नियोजन की व्यवस्था नहीं की जाती वहां उसकी सेवाएं समाप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी सूचना में वस्तुत: दी गई तीन मास से कम की उतनी अवधि के वेतन और भत्ते से अनधिक रकम का, दिया जाना मंजूर कर सकेगा ।

(ग) उस अवधि के लिए, जिसकी बाबत उस सूचना के बदले वेतन और भत्ते प्राप्त होते हैं, कोई प्रतिकर पेंशन संदेय नहीं होगी ।

(3) ऐसी दशा में, जिसमें रेल सेवक को उस अवधि के लिए जिसके लिए उसे नोटिस दिया गया है के लिए, वेतन और भत्ते प्रदान कर दिए जाते हैं और वह अवधि 3 महीने से कम होती है और उसे उस अवधि के अवसान के पूर्व जिसके लिए उसे वेतन और भत्ते मिल गए हैं , पुन: नियोजित कर लिया जाता है, वह अपने पुन: नियोजन के बाद की अवधि के लिए इस प्रकार वेतन और भत्तों को लौटा देगा ।

(4) यदि कोई रेल सेवक, जो प्रतिकर पेंशन पाने का हकदार है, उसके बजाय रेल प्रशासन के अधीन कोई अन्य नियुक्ति स्वीकार कर लेता है और तत्पश्चात किसी वर्ग की पेंशन प्राप्त करने का

हकदार हो जाता है तो ऐसी पेंशन की रकम उस पेंशन की रकम से कम नहीं होगी, जिसका दावा वह उस दशा में कर सकता था यदि उसने उस नियुक्ति को स्वीकार नहीं किया होता ।

3.0 <u>अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन</u>

अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन- (1) शास्ति के रूप में सेवा से अनिवार्य रूप से निवृत्त किए गए रेल सेवक को, ऐसी शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा, पेंशन या उपदान या दोनों ही की, ऐसी दर पर जो प्रतिकर पेंशन या उपदान या दोनों ही की, जो उसे उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को अनुज्ञेय हो, दो-तिहाई से कम किंतु ऐसी प्रतिकर पेंशन या उपदान से अधिक न हो, मंजूरी दी जा सकेगी ।

(2) जब कभी किसी रेल सेवक के मामले में राष्ट्रपति ऐसा कोई आदेश (चाहे वह मूल आदेश हो, या अपील आदेश हो या पुनर्विलोकन शक्ति का प्रयोग करते हुए कोई आदेश हो) पारित करता है जिसमें इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय पूरी प्रतिकर पेंशन से कम पेंशन दी जाती है तब ऐसा आदेश पारित करने से पूर्व संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण : - इस उप नियम में "पेंशन" शब्द के अंतर्गत "उपदान" भी शामिल है ।

(3) यथास्थिति, (1) या (2) के अधीन प्रदत्त या दी गई पेंशन 01.01.2016 से 9000 रुपए प्रतिमास से कम नहीं होगी ।

3.1 <u>अनुकंपा भत्ता</u>

अनुकंपा भत्ता - (1) ऐसे रेल सेवक की, जिसे सेवा से पदच्यूत किया गया है या हटा दिया गया है, पेंशन और उपदान समपहृत हो जाएगा :

परंतु उसे सेवा से पदच्यूत करने या हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी यदि वह मामला ऐसा हो कि उस पर विशेष विचार किया जा सकता हो तो, ऐसी पेंशन या उपदान या दोनों की दो-तिहाई से अनधिक ऐसा अनुकंपा भत्ता मंजूर कर सकेगा जो उसे उस समय अनुज्ञेय होता जब वह प्रतिकर पेंशन पर सेवानिवृत्त होता ।

(2) (1) के अंतर्गत मंज़ूर किया गया अनुकंपा भत्ता 9000 रुपए प्रतिमास से कम नहीं होगा ।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 12.08.2016 का पत्र सं. 2016/एफ(ई)III/1(1)8)

सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान

1. **सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान**

सेवानिवृत्ति उपदान अथवा मृत्यु उपदान - (1) (क) ऐसे रेल सेवकों के मामले में जिन्होंने पांच वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर ली है, और पेंशन नियमों के तहत सेवा उपदान अथवा पेंशन के लिए पात्र बन गए हैं को उसकी सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्ति उपदान संदत किया जाएगा जो अर्हक सेवा की प्रत्येक संपूरित छह माह की अवधि के लिए उसकी परिलब्धियों के एक चौथाई के बराबर होगा किंतु यह उपदान उसकी परिलब्धियों का अधिक से अधिक साढ़े सोलह गुना होगा और उपदान परिकलित करने के लिए गणना करने योग्य परिलब्धियों की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी।

(ख) यदि सेवारत किसी रेल सेवक की मृत्यु हो जाती है तो कुटुंब को मृत्यु उपदान की राशि का भुगतान नीचे तालिका में दिए गए तरीके के अनुसार किया जाएगाः-

तालिका

अर्हक सेवा की अवधि	**उपदान की दर**
एक वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का दुगुना
एक वर्ष या अधिक किंतु पांच वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का छह गुना
पांच वर्ष या अधिक किंतु 11 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का बारह गुना
11 वर्ष या अधिक किंतु 20 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का बीस गुना
20 वर्ष या अधिक	अर्हक सेवा की पूरी की गई प्रत्येक छमाही अवधि के लिए आधे माह की परिलब्धियां परंतु परिलब्धियों का अधिकतम 33 गुना।

(प्राधिकारः रेलवे बोर्ड के दिनांक 12.08.2016 के पत्र सं. 2016/एफ (ई) III/1(1)8 का पैरा 6.1)

सेवानिवृत्ति उपदान और मृत्यु उपदान की अधिकतम सीमा 20 लाख रु. होगी। जब भी मंहगाई भत्ता मूल वेतन के 50% तक बढ़ेगा उपदान की उच्चतम सीमा 25% बढ़ जाएगी।

परंतु यह कि जहां सेवानिवृत्ति या मृत्यु उपदान की अंतिम रूप से परिकलित रकम को अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा।

(2) यदि किसी रेल सेवक, जो सेवा उपदान या पेंशन का पात्र हो चुका है, अपनी सेवानिवृत्ति, जिसके अंतर्गत शास्ति स्वरूप अनिवार्य सेवानिवृत्ति भी है, की तारीख से पांच वर्ष के भीतर मृत्यु हो जाती है और ऐसे उपदान या पेंशन, जिसके अंतर्गत तदर्थ वृद्धि यदि कोई हो, भी है उसकी मृत्यु के समय उसके द्वारा वस्तुतः प्राप्त धनराशि और साथ ही अनुज्ञेय सेवानिवृत्ति उपदान और उसके द्वारा संराशित पेंशन के किसी भी भाग का संराशित मूल्य उसकी परिलब्धियों की बारह गुना रकम से कम है तो जितनी रकम कम होगी उसके बराबर अधिशेष उपदान नियमों में दिए गए तरीके से उसके कुटुंब को दिया जा सकता है।

(3) इस नियम के अधीन अनुज्ञेय उपदान के प्रयोजन के लिए परिलब्धियों की गणना नियम 49 के अनुसार की जाएगी;

परंतु यदि किसी रेल सेवक की परिलब्धियां उसकी सेवा के अंतिम दस मास के दौरान, शास्तिस्वरूप कम किए जाने से अन्यथा कम कर दी गई है तो नियम 50 में यथानिर्दिष्ट औसत परिलब्धियों को परिलब्धियां माना जाएगा।

इसके अतिरिक्त इस नियम के लिए सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु की तारीख, जैसा भी मामला हो, को अनुज्ञेय मंहगाई भत्ता परिलब्धियों के रूप में माना जाएगा।

(प्राधिकारः रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.2013 का पत्र सं. 2011/एफ (ई) III/1(1)9)

<u>कुटुंब</u>

1.1 सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान के भुगतान के लिए, रेल सेवक के संबंध में 'कुटुंब' से निम्नलिखित अभिप्रेत है -

(i) पुरुष रेल सेवक की दशा में, पत्नी या पत्नियां जिसके अंतर्गत कानूनी रूप से अलग पत्नी या पत्नियां भी हैं।
(ii) स्त्री रेल सेवक की दशा में, पति जिसके अंतर्गत कानूनी रूप से अलग पति भी है।
(iii) पुत्र, तथा सौतेले पुत्र और गोद लिया पुत्र भी शामिल हैं।
(iv) अविवाहित पुत्रियां, तथा सौतेली पुत्रियां और गोद ली पुत्रियां भी शामिल हैं।
(v) विधवा पुत्रियां, तथा सौतेली पुत्रियां और गोद ली पुत्रियां भी शामिल हैं।
(vi) पिता जिनके अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों के मामले में जिनकी स्वीय विधि दत्तकग्रहण की अनुमति देती है, दत्तक पिता-माता भी हैं।
(vii) माता।

(viii) अट्ठारह वर्ष से कम आयु के भाई, तथा सौतेले भाई भी शामिल हैं।
(ix) अविवाहित बहनें और विधवा बहनें, तथा सौतेली बहनें भी शामिल हैं।
(x) विवाहित पुत्रियां।
(xi) पूर्व-मृत पुत्र की संतान।

2. **<u>वे व्यक्ति जिन्हें उपदान संदेय हैः-</u>**

वे व्यक्ति जिन्हें उपदान संदेय है - (1) (क) पेंशन नियमों के अधीन संदेय उपदान ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को दिया जाएगा जिन्हें उपदान प्राप्त करने का अधिकार नियमों के अधीन नाम-निर्देशन द्वारा प्रदत्त किया गया है;

(ख) यदि ऐसा कोई नामनिर्देशन नहीं है या यदि किया गया नाम निर्देशन अस्तित्व में नहीं है तो उपदान नीचे उपदर्शित रीति से दिया जाएगाः-

(i) यदि पैरा 1.1 के मद (i), (ii), (iii), (iv) और (v) में यथावर्णित कुटुंब के एक या अधिक सदस्य उत्तरजीवी हों तो ऐसे सभी सदस्यों को बराबर-बराबर अंशों में;

(ii) यदि उपर्युक्त मद (i) में यथावर्णित कुटुंब के ऐसे कोई भी सदस्य उत्तरजीवी नहीं हैं किंतु पैरा 1.1 के मद (vi), (vii), (ix), (x) और (xi) में दिए गए एक या अधिक सदस्य उत्तरजीवी हैं तो ऐसे सभी सदस्यों को बराबर-बराबर अंशों में।

(2) यदि रेल सेवक की मृत्यु नियमों के अधीन अनुज्ञेय उपदान प्राप्त किए बिना ही सेवानिवृत्ति के पश्चात् हो जाती हे तो उपदान, उपर्युक्त में उपदर्शित रीति से कुटुंब को संवितरित कर दिया जाएगा।

(3) ऐसे रेल सेवक के, जिसकी मृत्यु सेवा में रहते हुए या सेवानिवृत्ति के पश्चात् हो जाती है, कुटुंब के सभी सदस्य या भाई का उपदान के किसी अंश को पाने के अधिकार पर उस दशा में प्रभाव नहीं पड़ेगा जब सरकारी सेवक की मृत्यु के पश्चात् और उपदान के अपने अंश को प्राप्त करने से पूर्व वह स्त्री सदस्य विवाह कर लेती है अथवा पुनर्विवाह कर लेती है अथवा भाई अट्ठारह वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है।

(4) जहां कि मृत रेल सेवक के कुटुंब के किसी अवयस्क सदस्य को कोई उपदान मंजूर किया जाए वहां वह उस अवस्यक के निमित्त संरक्षक को संदेय होगा।

<u>नाम निर्देशिती</u>

(1) रेल सेवक किसी सेवा या पद में उसकी प्रारंभिक स्थायीकरण में एक नामनिर्देशन करेगा जिसमें मृत्यु-सह-निवृत्ति उपदान प्राप्त करने का अधिकार एक या अधिक व्यक्तियों को प्रदत्त किया जाएगा।

(प्राधिकारः फाइल सं. 2015/एफ(ई)III/1(1)/4 दिनांक 17.06.16.....आरबी सं. 70)

बशर्ते कि नामनिर्देशन करते समय -

(i) यदि रेल सेवक का कोई कुटुंब है तो नामनिर्देशन उसके कुटुंब के सदस्यों से भिन्न किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में नहीं होगा, या

(ii) यदि रेल सेवक का कोई कुटुंब नहीं है तो नामनिर्देशन किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय चाहे वह निगमित हो या न हों, के पक्ष में किया जा सकता है।

(2) यदि रेल सेवक एक से अधिक व्यक्तियों का नामनिर्देशन करता है तो वह नामनिर्देशन में नाम-निर्देशतियों में से प्रत्येक को संदेय अंश की रकम इस प्रकार विनिर्दिष्ट करेगा कि उसके अंतर्गत उपदान की सारी रकम आ जाए।

(3) रेल सेवक नामनिर्देशन में -

(i) यह उपबंध कर सकेगा कि ऐसे किसी विनिर्दिष्ट नाम निर्देशिती की बाबत जिसकी मृत्यु रेल सेवक से पहले ही हो जाए अथवा जिसकी मृत्यु रेल सेवक की मृत्यु के पश्चात् किंतु उपदान की रकम प्राप्त किए बिना ही हो जाए तो उस नामनिर्देशिती को प्रदत्त अधिकार किसी ऐसे अन्य व्यक्ति को चला जाएगा जिसे नामनिर्देशन में विनिर्दिष्ट किया जाए।

परंतु यदि नामनिर्देशन करते समय रेल सेवक का कोई ऐसा कुटुंब हो जिनमें एक से अधिक सदस्य हों तो इस प्रकार विनिर्दिष्ट व्यक्ति उसके कुटुंब के सदस्य से भिन्न व्यक्ति नहीं होगा।

परंतु यह और कि जहां किसी रेल सेवक के अपने कुटुंब में केवल एक ही सदस्य हो और नामनिर्देशन उसी के पक्ष में किया गया हो वहां रेल सेवक किसी अन्य व्यक्ति के या व्यक्तियों के निकाय के पक्ष में चाहे वह निगमित हो या न हो, वैकल्पिक नामनिर्देशिती या नामनिर्देशितियों का नामनिर्देशन के लिए स्वतंत्र होगा।

(ii) यह उपबंध कर सकेगा कि उसमें दी गई किसी आकस्मिकता के घटित होने पर वह नामनिर्देशन अविधिमान्य हो जाएगा।

